दिल्ली संस्कृत अकादमी
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
प्लॉट नं. 5, झण्डेवालान, करोल बाग, नई दिल्ली-110005
दूरभाष : 011-23635592, 23555676, 23681835

Delhi Sanskrit Academy
(Govt. Of NCT of Delhi)
Plot No. 5, Jhandewalan, Karol Bagh, New Delhi-110005
Phone : 011-23635592, 23555676, 23681835

पत्रांक संख्या-3(12)दि.सं.अ/2019-20 दिनांक ....

सेवा में,

....
....
....

बुक-पोस्ट

विषय: **अखिल भारतीय संस्कृत सद्यः पद्य-रचना प्रतियोगिता 2019-2020**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निवेदन है कि दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा अखिल भारतीय संस्कृत सद्यः पद्य-रचना प्रतियोगिता आयोजित करने की योजना है। जिसके नियम इस प्रकार हैं ।

प्रतियोगिता के नियम :-

1. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्वान् को छन्द या विषय दो विकल्प दिये जायेंगे। यदि प्रतिभागी विद्वान् छन्द का चयन करता है तो विषय निर्णायक मण्डल द्वारा दिया जायेगा, यदि प्रतिभागी विषय का चयन करता है तो छन्द निर्णायक मण्डल द्वारा दिया जायेगा। अनुष्टुप छन्द मान्य नहीं होगा।
2. प्रतियोगिता में प्रतिभागी को कुल 7(सात) श्लोकों की रचना करनी होगी। सात से अधिक या न्यून श्लोक मान्य नहीं होंगे। प्रतियोगिता में पद्य रचना हेतु कुल तीन घण्टे का समय दिया जायेगा।
3. रचना का कोई भी अंश अमर्यादित, राष्ट्र-विरोधी, व्यक्ति विशेष या सम्प्रदाय पर आक्षेप करने वाला नहीं होना चाहिए।
   विवाद उत्पन्न होने पर निर्णायक मण्डल का निर्णय सर्वमान्य होगा।
4. पुरस्कार:-
   प्रथम पुरस्कार रु. 2100/- द्वितीय पुरस्कार रु. 1800/-
   तृतीय पुरस्कार रु. 1500/- चतुर्थ पुरस्कार रु. 1200/-
   पंचम पुरस्कार रु. 900/-
   इसके अतिरिक्त रु. 300/- के 5(पाँच) प्रोत्साहन पुरस्कार होंगे।
5. प्रतियोगिता में रचनाकार के रूप में उपस्थित होने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को अकादमी नीति के अनुसार स्थानीय मार्गव्यय प्रदान किया जायेगा।
6. इसके अतिरिक्त वाह्य विद्वानों को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आरक्षित शयनयान श्रेणी का रेल - किराया टिकट प्रस्तुत करने पर प्रदान किया जायेगा। आवास व्यवस्था का उत्तरदायित्व अकादमी का नहीं होगा।

विशेष सूचना : इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उपस्थित होने की सूचना दिनांक 31.01.2020 तक अकादमी कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 जीतराम भट्ट)
सचिव

Scanned by CamScanner